# सुदामा खड़ा तेरे दर सांवरे | By Vishal Mittal

सुदामा खड़ा तेरे दर सांवरे
कर दो कृपा की नज़र सांवरे

रहूँ गरीब या बनू सेठ ये कभी ना चाहूँ दाता
दुआ करू के टूट ना जाए मेरा तुम्हारा नाता
दुआएं करेंगी असर सांवरे

निर्धन जान के मुझको मोहन तू बिसरा ना देना
हार गया मैं इस दुनिया से क्या क्या पड़ा है सहना
मुझे लेलो अपनी शरण सांवरे

भूख प्यास से तो है अपनी बड़ी पुरानी यारी
कैसे भोग लगाऊं तुझको सूझे नहीं मुरारी
मत आज़मा तू मेरा सबर सांवरे

तुझपे भरोसा करके मोहन जो तेरे दर आते
दीन दयाल तू जाने मन की बिन मांगे सब पाते
तेरे पाल की भी लेले खबर सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%81%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0/